# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) भदोही–221304
E-Mail Id-eeupjnsrur@gmail.com CUG Mobile No.- +91 9473942678

पत्रांक 1871 / कार्य – 65 / 16 दिनांक– 02.05.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण,
6 राणा प्रताप मार्ग,
लखनऊ।

विषय :– दैनिक भास्कर के न्यूज ई–पेपर में दिनांक 02.05.2026 में प्रकाशित जनपद भदोही के जंगीगंज में जल जीवन मिशन टंकी ठप'' बैटरी के अभाव में ग्रामीणों को नहीं मिल रहा शुद्व पेयजल'' होने के सम्बन्ध में।

महोदय

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर के न्यूज ई–पेपर में दिनांक 02.05.2026 में प्रकाशित जनपद भदोही के जंगीगंज में जल जीवन मिशन टंकी ठप'' बैटरी के अभाव में ग्रामीणों को नहीं मिल रहा शुद्व पेयजल'' समस्याओं के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड ज्ञानपुर की ग्राम पंचायत कलीपुर पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित नकारात्मक न्यूज प्रकाशित किया गया है।

प्रश्नगत योजना में 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग शिरोपरि जलाशय,01 नग सोलर पैनल, 01 नग बाउण्ड्रीवाल, 11.724 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 333 नग पेयजल गृह संयोजनके कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग बाउण्ड्रीवाल,01 नग सौलर पैनल, 11.724 किमी0 वितरण प्रणाली एवं 333 नग गृह जल संयोजन व शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। वर्तमान में उक्त पेयजल योजना से ग्राम वासियों को नियमित रूप से जलापूर्ति करायी जा रही है।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0स0 व दिनांक यथोक्त।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) वाराणसी।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उप्र0 जल निगम (ग्रामीण) मीरजापुर।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त का अनुपालन सुनिश्चित करें।
4- मेसर्स जी0ए0इन्फ्रा भदोही ।


अधिशासी अभियन्ता

Hindi News / Local / Uttar Pradesh / Bhadohi / Jangiganj / Jangiganj Jal Jeevan Mission Tanki Shut Down Due To Battery Issue | Villagers Face Pure Water Crisis

# जंगीगंज में जल जीवन मिशन टंकी ठप: बैटरी के अभाव में ग्रामीणों को नहीं मिल रहा शुद्ध पेयजल

सत्यप्रकाश | जंगीगंज, भदोही (संत रविदास नगर)


1 दिन पहले



भदोही जनपद के जंगीगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत कलीपुर में केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना के तहत बनी पानी की टंकी बैटरी के अभाव में ठप पड़ी है। निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद, टंकी का संचालन शुरू नहीं हो सका है, जिससे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें इस योजना से काफी उम्मीदें थीं। टंकी बनने के बाद उन्हें लगा था कि अब घर-घर स्वच्छ जल की आपूर्ति होगी और उन्हें हैंडपंप या अन्य असुरक्षित जल स्रोतों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। हालांकि, बैटरी न होने के कारण मोटर चालू नहीं हो पा रही है, जिससे पूरी योजना ठप पड़ी है।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →



स्थानीय निवासियों के अनुसार, भीषण गर्मी के कारण क्षेत्र में जल संकट और गहरा गया है। कई ग्रामीण दूर-दराज के क्षेत्रों से पानी लाने को मजबूर हैं, जिससे उनका समय और श्रम दोनों बर्बाद हो रहा है। इस स्थिति से महिलाओं और बच्चों को विशेष रूप से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

टॉप न्यूज़
राज्य-शहर
IPL 2026
चुनाव 2026
भार...
खास



ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और अधिकारियों से कई बार शिकायत की है, लेकिन अब तक इस समस्या का समाधान नहीं हो सका है। उनका आरोप है कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही के कारण उन्हें समय पर लाभ नहीं मिल पा रहा है।



ग्रामवासियों रामनिवास, शीतला प्रसाद, लल्लन बिंद और भगवती प्रसाद सहित अन्य ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द बैटरी की व्यवस्था कर टंकी को चालू कराने की मांग की है, ताकि उन्हें शुद्ध पेयजल की सुविधा मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

इस संबंध में अधिशासी अभियंता, जल निगम विभाग भदोही, मुजीब अहमद से बात की गई। उन्होंने बताया कि टंकी में बैटरी नहीं होने के कारण जल आपूर्ति बाधित है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही बैटरी की व्यवस्था कर जल जीवन मिशन

Advertise with Us |
DB Reporter | Sitemap |
Terms & Conditions and
Grievance Redressal Policy
|